**पाठ 11: भण्डारीपन और विशेष कार्य**

क. **उदारता के लिए निवेदन**

1. यरूशलेम के मसीही विश्वासियों के लिए भेंट के संबंध में पौलुस ने कुरिन्थ के मसीहियों को अपनी पहली पत्री में क्या निर्देश दिया था? 1 कुरिन्थियों 16:1-2
2. मकिदुनिया के मसीही विश्वासियों ने पौलुस के निवेदन का किस प्रकार उत्तर दिया? 2 कुरिन्थियों 8:1-4
3. कुरिन्थ के मसीहियों को अपनी दूसरी पत्री में पौलुस ने कौन-सा अतिरिक्त निवेदन किया? 2 कुरिन्थियों 9:1-5
4. उदारतापूर्वक सहायता देने का ऐसा निवेदन साझा करें जिसने आपके हृदय को छुआ हो।

ख. **हमारे उदार परमेश्वर का प्रतिबिम्ब**

1. पौलुस के अनुसार, परमेश्वर की उदारता किस प्रकार प्रकट हुई? 2 कुरिन्थियों 8:9
2. फिलिप्पी के मसीही विश्वासियों को लिखी अपनी पत्री में पौलुस ने परमेश्वर की उदारता पर किस प्रकार जोर दिया? फिलिप्पियों 2:5-8
3. पवित्रशास्त्र के और कौन-से अंश परमेश्वर की उदारता पर जोर देते हैं? विलापगीत 3:22-24; 1 यूहन्ना 3:1; यूहन्ना 3:16; आदि।
4. हमें पाप से तबाह हो चुके इस संसार से बचाने के लिए यीशु द्वारा दिए गए उदार उपहार के विषय में आपके क्या विचार हैं?
5. आपने यीशु के उदार उपहार को अपने व्यक्तिगत उद्धारकर्ता के रूप में कब स्वीकार किया?

ग. **उदार मनोवृत्ति**

1. उदार मनोवृत्ति अपेक्षित बातों से आगे कैसे बढ़ जाती है? 2 कुरिन्थियों 8:5
2. भौतिक भेंटों के अतिरिक्त स्वयं को देना परमेश्वर की उदार मनोवृत्ति का प्रतिबिम्ब किस प्रकार है? (याकूब 1:17; यूहन्ना 3:16; लूका 11:13; आदि)
3. 2 कुरिन्थियों 9:7 में देने के विषय में कौन-से महत्वपूर्ण सिद्धान्त पाए जाते हैं?
4. कुछ लोग अपनी आय का दशमांश और भेंटें कर्तव्य की भावना या नकारात्मक परिणामों के भय से देते हैं (मलाकी 3:8-9)। ऐसी मनोवृत्ति से देने पर कौन-सी आशीष खो जाती है?
5. हमें अपनी उदारता की तुलना दूसरों की उदारता से क्यों नहीं करनी चाहिए? 2 कुरिन्थियों 8:3, 12
6. ऐसा समय साझा करें जब आपने किसी व्यक्ति को आनन्दपूर्वक देते हुए देखा हो।
7. यदि हमें यीशु के द्वारा अनन्त आशा का संदेश संसार के साथ बाँटने के विशेष कार्य को पूरा करना है, तो उदार मनोवृत्ति क्यों आवश्यक है?
8. यीशु के किसी आरम्भिक अनुयायी का उदाहरण साझा करें जिसने परमेश्वर के विशेष कार्य को आगे बढ़ाने के लिए उदारतापूर्वक दिया।
9. ऐसा समय साझा करें जब आपने किसी व्यक्ति को दूसरों के साथ यीशु के सत्य को बाँटते समय उदार मनोवृत्ति प्रकट करते हुए देखा हो।
10. परमेश्वर आपको अपने आर्थिक साधनों और अपने समय के संबंध में किस प्रकार उदार होने के लिए प्रेरित कर रहा है?